सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

कार्यपरिषद् की बैठक

दिनांक - 20-12-2015
समय - अपराह्ण 12:30 बजे से
स्थान - योग साधना केन्द्र

उपस्थिति

1- प्रो॰ यदुनाथ प्रसाद दुबे, कुलपति- अध्यक्ष

2 -	प्रो॰ प्रेम नारायण सिंह	3 -	प्रो॰ हरिशंकर पाण्डेय
4-	डा॰ पुष्पा देवी	**5 -**	डा॰ प्रभु सिंह यादव
7-	प्रो॰ शीतला प्रसाद उपाध्याय	**8-**	डा॰ विजय कुमार पाण्डेय
9-	प्रो॰ हृदय रंजन शर्मा	**10-**	प्रो॰ हरिप्रसाद अधिकारी
11-	वित्ताधिकारी	**12-**	कुलसचिव - सचिव

मंगलाचरण- प्रो॰ हरिशंकर पाण्डेय द्वारा

सर्वप्रथम कुलपति महोदय ने माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा नामित माननीय सदस्य प्रो॰ हृदयरंजन शर्मा सहित सभी सदस्यों का अभिनन्दन करते हुए कार्यपरिषद् की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की।

कार्यक्रम - **33वें दीक्षान्त समारोह के अवसर पर मानद उपाधि एवं स्नातकों को उपाधि तथा पदक प्रदान करने की संस्तुति पर विचार।**

कार्य परिषद् को सूचित किया गया कि 33वें दीक्षान्त समारोह के अवसर पर सत्र 2014-2015 में उत्तीर्ण स्नातकों (स्नातक/स्नातकोत्तर) को उपाधि पत्र प्रदान किया जायेगा। अद्यतन उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या निम्न है, जिसमें कुछ परिवर्तन भी हो सकता है-

विश्वविद्यालय के 33वें दीक्षान्त महोत्सव में उपाधि प्रदान किये जाने वाले छात्रों की कक्षावार संख्या			
1. स्नातक उपाधि			
(क)	शास्त्री- संस्थागत	=	19908
(ख)	शास्त्री- व्यक्तिगत	=	2768
(ग)	शास्त्री बैक/श्रेणी सुधार	=	04
(घ)	शिक्षाशास्त्री	=	396
(ङ)	शिक्षाशास्त्री भूतपूर्व छात्र	=	26
(च)	ग्रन्थालय एवं सूचना विज्ञान शास्त्री (संस्थागत)	=	19

(छ)	आयुर्वेदाचार्य (बी.ए.एम.एस.) इण्टर्नशीप पूर्ण	=	14
योग		=	23135
2. स्नातकोत्तर उपाधि			
(क)	आचार्य- संस्थागत	=	6587
(ख)	आचार्य - व्यक्तिगत	=	1099
(ग)	आचार्य - बैक / श्रेणी सुधार	=	03
(घ)	शिक्षाचार्य	=	23
योग		=	7712
सम्पूर्ण योग		=	30847

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक दिनांक 15.12.2015 तक संस्तुत कुल 5 अनुसन्धाताओं को वाचस्पति (D.Lit.) एवं 40 अनुसंधाताओं को विद्यावारिधि (Ph.D) की उप.धि दीक्षान्त समारोह पर प्रदान की जायेगी। साथ ही परिषद् को यह भी सूचित किया गया कि दीक्षान्त महोत्सव के अवसर पर सत्र 2014-2015 में पदक प्राप्त करने वाले 29 छात्रों को 67 पदक महामहिम कुलाधिपति महोदय द्वारा प्रदान किया जायेगा।

कुलसचिव ने कार्यपरिषद् को यह भी सूचित किया कि विद्या परिषद् ने अपनी बैठक दिनांक 20.12.2015 में सत्र 2014-2015 में उत्तीण स्नातकों को उपाधि पत्र प्रदान करने की संस्तुति प्रदान की है।

विचार-विमर्श के अनन्तर कार्यपरिषद् ने विद्यापरिषद् की बैठक दिनांक 20.12.2015 की संस्तुति पर स्वीकृति प्रदान करते हुए सत्र 2014-2015 में उर्तीण स्नातकों को उपाधि पत्र एवं पदक प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की।

अंत में माननीय अध्यक्ष महोदय ने सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभा विसर्जन करने की घोषणा की।

20-12-15

20.12.15
VC

कुलसचिव
सं.सं.वि.वि.,वाराणसी